''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश के 51 शहरी निकायों में 17 मई को होगा मतदान–राज्य निर्वाचन विभाग ने चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की।

- नगर निगम व पंचायती राज चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रदेशभर में नियुक्त किए चुनाव प्रभारी।

- केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई मिड डे मील योजना से कुल्लू जिला के सात शिक्षा खंडों में पहली से आठवीं कक्षा तक प्रदान किया जा रहा पौष्टिक भोजन।

- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज ऊना जिला के हरोली में स्थापित प्रदेश के पहले ऑटोमेटिड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक व ट्रैफिक पार्क का करेंगे उद्घाटन।

- चंबा जिला में 14 वर्ष तक की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर अभियान तेज–स्वास्थ्य विभाग ने तीन मई तक वैक्सीन लगाने का रखा लक्ष्य।

शहरी निकाय चुनाव

राज्य निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है और इन शहरी निकायों में आदर्श चुनाव आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने बताया कि इनमें 4 नगर निगम सोलन, पालमपुर, मंडी व धर्मशाला और 25 नगर परिषद व 22 नगर पंचायतें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इन शहरी निकायों में 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा। नगर परिषद और नगर पंचायतों के मतों की गणना मतदान वाले दिन 17 मई को ही होगी जबकि चारों नगर निगमों के मतों की गणना 31 मई को होगा। अनिल खाची ने बताया कि इन निकायों में कुल 3 लाख 60 हज़ार 8 सौ 59 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक लाख 80 हज़ार 9 सौ 63 पुरूष, जबकि एक लाख 79 हज़ार 8 सौ 82 महिला और 14 अन्य मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए 5 सौ 89 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर ही पंचायत चुनाव की अधिसूचना भी जारी कर दी जाएगी।

भाजपा प्रभारी नियुक्ति

आगामी नगर निगम व पंचायती राज चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश भर में नगर निगमों, जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर चुनाव प्रभारियों एवं समितियों की विस्तृत घोषणा कर दी

है। नगर निगम चुनावों के लिए घोषित प्रभारियों में धर्मशाला नगर निगम  के लिए  पवन काजल, सुधीर शर्मा और सचिन शर्मा, पालमपुर नगर निगम के लिए विपिन परमार, राजेश ठाकुर, त्रिलोक कपूर और रागिनी रकवाल जबकि मंडी नगर निगम के लिए पायल वैद्य, अनिल शर्मा, इंद्र सिंह गांधी और निहाल चंद शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सोलन नगर निगम के लिए संजीव कटवाल, बलवीर वर्मा, रश्मिधर सूद, वंदना योगी, रतन सिंह पाल, डॉ. राजेश कश्यप और शैलेन्द्र गुप्ता  को चुनाव संचालन का दायित्व सौंपा गया है।

इसके साथ ही पंचायती राज व नगर निकाय चुनावों के लिए प्रदेश स्तर पर गठित समिति में विपिन सिंह परमार, रणधीर शर्मा, बलवीर वर्मा, विनोद कुमार, राकेश जम्वाल, त्रिलोक जम्वाल और बिहारी लाल शर्मा को प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है, जो पूरे प्रदेश में चुनावी रणनीति के कार्यान्वयन की निगरानी करेंगे। भाजपा ने इस व्यापक संगठनात्मक ढांचे के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी न केवल शहरी निकाय बल्कि पंचायती राज चुनावों को भी पूरी ताकत और रणनीति के साथ लड़ेगी।

<u>मुकेश अग्निहोत्री</u>

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज ऊना जिला में हरोली के रोड़ा में स्थापित प्रदेश के पहले ऑटोमेटिड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक  व  ट्रैफिक पार्क का उद्‌घाटन करेंगे। इस परियोजना के शुरू होने के साथ ही प्रदेश को अपना पहला ऑटोमेटिड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक व ट्रैफिक पार्क मिलेगा। यह अत्याधुनिक ट्रैक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए होने वाले परीक्षण को पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाएगा, जिससे मानव हस्तक्षेप कम होगा और पात्र अभ्यर्थियों का निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित हो सकेगा।  ट्रैफिक पार्क के माध्यम से आम जनता, विशेषकर युवाओं और बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा, जिससे सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

<u>मिड–डे मील योजना</u>

केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई मिड–डे मील योजना भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस योजना का उद्देश्य सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों के पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करना है। कुल्लू जिले के 7 शिक्षा खंडों के अंतर्गत 1 हज़ार 6 प्री–प्राइमरी, प्राइमरी तथा अपर प्राइमरी विद्यालयों में कुल 35 हज़ार 1 सौ 18 विद्यार्थियों को मिड–डे मील प्रदान किया जा रहा है विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता...

केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई मिड–डे मील योजना, जिसे अब पीएम पोषण शक्ति योजना कर दिया गया है, भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस योजना का उद्देश्य सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों के पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करना है। व

स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना और कुपोषण को कम करना है। कुल्लू जिले के 7 शिक्षा खंडों के अंतर्गत 1 हज़ार 6 प्री–प्राइमरी, प्राइमरी तथा अपर प्राइमरी विद्यालयों में कुल 35 हज़ार 1 सौ 18 विद्यार्थियों को मिड–डे मील प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा सभी 1 हज़ार 6 विद्यालयों में किचन गार्डन भी स्थापित किए गए हैं। इन सभी विद्यालयों में निर्धारित मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है और इसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। वित्त वर्ष 2025–26 के लिए जिला कुल्लू को इस योजना के अंतर्गत 7 करोड़ 49 लाख 64 हजार रुपये का बजट आबंटित किया गया। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अप्रैल को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह एक सौ 33वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माई गोव ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन सुझाव दिए जा सकते हैं। श्रोता 1 9 2 2 पर मिस्ड कॉल देकर सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

टीकाकरण अभियान

चंबा जिला में सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने 14 वर्ष तक की बेटियों का टीकाकरण अभियान तेज कर दिया है। अब 14 वर्ष तक की बेटियों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। अभियान का उद्देश्य कम उम्र में ही बेटियों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कविता महाजन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग चम्बा को 4500 बेटियों को 3 मई तक ये वैक्सीन लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

केदारनाथ धाम

केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए आज खुल गए हैं। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के जिला मजिस्ट्रेट विशाल मिश्रा ने बताया कि प्रशासन ने यात्रा की सभी तैयारियां कर ली हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए कल खोल दिए जाएंगे। जिला और पुलिस प्रशासन ने सुचारू और सुरक्षित तीर्थयात्रा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

अग्निकांड

कुल्लू ज़िला के भुंतर में दियार चौक पर बीती रात अग्निकांड की एक घटना में दो दुकानें जलकर राख हो गई। इस घटना में लगभग 12 लाख रुपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया

गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

नगर निगमों व शहरी निकायों में चुनाव से जुड़ी खबर आज सभी समाचार पत्रों में प्रमुखता लिए हुए है। पंजाब केसरी की सुर्खी है हिमाचल में शहरी निकाय चुनावों का बिगुल बजा। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है हिमाचल के 51 शहरी निकायों में 17 मई को चुनाव।

दैनिक भास्कर की एक खबर है राज्य में निर्विरोध जीतने वाली पंचायती राज संस्थाओं पर होगी धनवर्षा, सरकार ने इंसेंटिव में 9 सौ फीसदी तक की बढ़ोतरी की।

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक जागरण लिखता है 30 जून तक सीबीएसई स्कूलों में उपलब्ध होंगे सभी शिक्षक।

अमर उजाला की एक खबर है चेस्टर हिल मामले में टीसीपी नियम भी नज़रअंदाज, विभाग ने शुरू की जांच।

कुल्लू, मंडी, लाहौल स्पीति की झीलों का होगा अध्ययन शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है ग्लेशियर से बनी झीलों का खतरा भांपेंगे वैज्ञानिक।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश के 51 शहरी निकायों में 17 मई को होगा मतदान–राज्य निर्वाचन विभाग ने चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की।
- नगर निगम व पंचायती राज चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रदेशभर में नियुक्त किए चुनाव प्रभारी।
- केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई मिड डे मील योजना से कुल्लू जिला के सात शिक्षा खंडों में पहली से आठवीं कक्षा तक प्रदान किया जा रहा पौष्टिक भोजन।

- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज ऊना जिला के हरोली में स्थापित प्रदेश के पहले ऑटोमेटिड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक व ट्रैफिक पार्क का करेंगे उद्घाटन।

चंबा जिला में 14 वर्ष तक की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर अभियान तेज–स्वास्थ्य विभाग ने तीन मई तक वैक्सीन लगाने का रखा लक्ष्य।